229
06.03.2026

# झारखण्ड सरकार
## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
योजना भवन, नेपाल हाऊस कैम्पस, डोरण्डा, राँची–834002 (झारखण्ड)

## संकल्प

**विषयः विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु वित्त नियमावली के नियम 235 को शिथिल करते हुए नियम 245 के अधीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर का मनोनयन के आधार पर चयन करते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण/ Internship प्रदान करने की स्वीकृति के संबंध में।**

---

तकनीकी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक एवं वास्तविक औद्योगिक कार्यों का अनुभव भी देना है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में उद्योगों को ऐसे युवा अभियंताओं की आवश्यकता है, जो कार्यस्थल की चुनौतियों का सामना कर सकें, समस्याओं का समाधान खोज सकें तथा उत्पादन व गुणवत्ता को समझ सकें। डिप्लोमा/इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम में समाहित औद्योगिक प्रशिक्षण योजना छात्रों को उनके अध्ययन के दौरान ही वास्तविक औद्योगिक वातावरण से परिचित कराने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची के डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में Internship की प्रत्येक Even Semester में अनिवार्यता है तथा पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को Internship हेतु Academic Credit भी दिये जाने का प्रावधान है।

उल्लेखनीय है कि विभागान्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में राज्य के अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नामांकित होते है। झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची के डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में Internship के प्रावधान रहने के कारण Internship प्रशिक्षण करना अनिवार्य है। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को अपने व्यय पर Internship प्रशिक्षण प्राप्त करने में आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। सरकार के स्तर पर Internship प्रशिक्षण कराये जाने पर इन छात्रों को अतिरिक्त वित्तीय भार वहन नहीं करना पड़ेगा, साथ ही इनके पाठ्यक्रम भी पूर्ण होंगे तथा इनका अतिरिक्त कौशल विकास भी होगा।

2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा विभागान्तर्गत डिप्लोमा के छात्रों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship कार्यक्रम प्रदान करने हेतु विभाग को प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। उक्त प्रस्ताव की समीक्षा हेतु संयुक्त निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय की अध्यक्षता में निदेशालीय कार्यालय

आदेश संख्या–296, दिनांक–24.03.2025 द्वारा एक समिति का गठन किया गया। उक्त समिति द्वारा निम्नानुसार प्रतिवेदन **(अनु0–1 संलग्न)** उपलब्ध करायी गयी है–

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में डिप्लोमा के विद्यार्थियों को एक गुणवत्तापूर्ण, संरचित और व्यवसायिक औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship कार्यक्रम प्रदान करने के लिए प्रस्तावित है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित एक प्रमुख तकनीकी शिक्षण संस्थान है। इसकी स्थापना वर्ष 1960 में प्रादेशिक अभियंत्रण महाविद्यालय (REC) के रूप में हुई थी, जिसे वर्ष 2002 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) का दर्जा प्राप्त हुआ। यह संस्थान झारखण्ड राज्य के औद्योगिकी शहर जमशेदपुर में स्थित है और इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान तथा प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा एवं अनुसंधान प्रदान करता है। यहाँ बी0टेक, एम0टेक, एम0बी0ए0, एम0एस0सी0 एवं पीएच0डी0 जैसे पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा डिप्लोमा के छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship में आधुनिक प्रयोगशालाओं, तकनीकी परियोजनाओं और उद्योग आधारित वातावरण से परिचित करता है, जिससे उनके व्यावसायिक कौशल में वृद्धि होती है एवं अपने पाठ्यक्रम की आवश्यकता को पूरा करने के अवसर प्रदान करती है।

**A. <u>विभिन्न शाखाओं के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कोर्स</u>**

**I. Computer Science and Engineering**

a. Computer Literacy and Proficiency
b. C Programming Language
c. Python Programming
d. Web Technologies
e. Android Development

**II. Mechanical Engineering**

a. Solid Modeling (AutoCAD, SolidWorks)
b. Mechanical Design (FEM, ANSYS)
c. Automation and Robotics
d. Vibration and Noise Control
e. Automobile Engineering
f. Refrigeration and Air Conditioning

**III. Electrical Engineering**

a. Electrical Design Drawing and Estimation
b. Renewable Energy Integration
c. MATLAB/Simulink/Electronics CAD
d. Analog/Digital Electronics

**IV. Civil Engineering**

a. Drafting (Architectural and Structural)
b. Estimation and Costing
c. Quality Control



RAdore

V. **Workshop/Production**
   a. Computer Aided Manufacturing (CAM)
   b. Welding and Additive Manufacturing
   c. Foundry and Forming

**B.** **प्रशिक्षुओं की संख्या**–राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में प्रतिवर्ष कुल 500 छात्रों को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव है।

**C.** **प्रशिक्षण की अवधि**–प्रशिक्षण की अवधि छः (06) सप्ताह की होगी, जिसमें छात्रों की उपस्थिति 75% अनिवार्य होगी। छात्रों की उपस्थिति बायोमैट्रिक अटेंडेंस द्वारा बनायी जाएगी।

**D.** **प्रशिक्षण पद्धति**–राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें निम्नलिखित पद्धतियाँ अपनाई जाएँगी:–

   a. ऑन–फील्ड ट्रेनिंग
   b. क्लासरूम सेशन्स
   c. शॉर्ट प्रोजेक्ट वर्क
   d. इंटरनल एसेसमेंट टेस्ट
   e. वर्कशॉप एवं सेमिनार
   f. प्रस्तुतीकरण और मूल्यांकन

**E.** **शुल्क संरचना**– राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा छात्रों के प्रशिक्षण हेतु व्यय की विवरणी निम्न प्रकार दी गई है।

| Description | Cost (INR) |
|---|---|
| Cost per hour per student | 49/- |
| Cost for 6 hours per day | 49 x 6 = 294/- |
| Total working days in 6 weeks | 6 x 5 = 30 |
| Total cost for 6 weeks | 294 x 30 = 8820/- |
| The allowed rate for NIT, Jamshedpur | 5292/- |
| Mess and Hostel fee as per actual | 3500/- Per Student |

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के कौशल विकास स्कीमों के लिए सामान्य मानदण्ड (Common Norms) के श्रेणी–I में सूचीबद्ध ट्रेड़ो/सेक्टरों के लिए निर्धारित दर रूपये 49/– प्रति घंटा की दर पर की गई है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा उक्त निर्धारित दर से 40% कम दर पर प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव दिया है। प्रशिक्षण के दौराण छात्रों के आवासन एवं भोजन हेतु कुल अनुमानित व्यय लगभग रूपये 3500 प्रति छात्र होगी। पूरे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण शुल्क तथा आवासन एवं भोजन हेतु कुल अनुमानित व्यय 5292 + 3500 = 8792/- रूपये प्रति छात्र होगी, जो अन्य संस्थानों द्वारा प्रस्तावित प्रशिक्षण हेतु दी गई प्रशिक्षण शुल्क से काफी कम है।

F. **प्रमाण–पत्र**–प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात, सभी सफल छात्रों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा एक अधिकृत "प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण–पत्र" प्रदान किया जाएगा जिसमें प्रशिक्षण की अवधि, विषयवस्तु व प्रदर्शन का उल्लेख होगा।

G. **अनुशंसा**–उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में राज्य के राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान के छात्रों को 06 सप्ताह की औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

3. झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची द्वारा डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में Internship की प्रत्येक Even Semester में अनिवार्यता रहने एवं पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को Internship हेतु Academic Credit दिये जाने संबंधी प्रावधान रहने तथा समिति से प्राप्त अनुशंसा एवं विभाग द्वारा समीक्षोपरांत कतिपय संशोधन के साथ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में राज्य के राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के छात्रों को 06 सप्ताह की उपरोक्त कंडिका–2 में अंकित प्रावधानानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship प्रदान करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है।

4. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship प्राप्त करने से राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के छात्रों का कौशल विकास होगा एवं कार्य दक्षता में भी वृद्धि होगी।

5. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में प्रतिवर्ष कुल 500 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

6. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के कौशल विकास स्कीमों के लिए सामान्य मानदण्ड (Common Norms) के श्रेणी–I में सूचीबद्ध ट्रेड़ो/सेक्टरों के लिए निर्धारित दर रूपये 49/– प्रति घंटा की दर से 40% कम दर पर की गई है। इस प्रकार प्रति छात्र प्रशिक्षण हेतु व्यय की विवरणी निम्नानुसार हैः–

| **Description** | **Cost (INR)** |
|---|---|
| Cost per hour per student | 49/- |
| Cost for 6 hours per day | 49 x 6 = 294/- |
| Total working days in 6 weeks | 6 x 5 = 30 |
| Total cost for 6 weeks **[A]** | 294 x 30 = 8820/- |
| The allowed rate for NIT, Jamshedpur<br>**[B] = [A] X 60% i.e.,** 5292/- | 5292/- |
| Mess and Hostel fee as per actual **[C]** | 3500/- Per Student |
| Total- **[D] = [B] + [C]** | 5292 + 3500 = 8,792/– |

इस प्रकार प्रतिवर्ष कुल 500 छात्रों को प्रशिक्षण दिये जाने पर कुल राशि 500 X 8792 = 43,96,000/–(तैंतालीस लाख छियानबे हजार) रूपये मात्र प्रतिवर्ष व्यय होगी।

7. अतः उपरोक्त के आलोक में–

I. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में राज्य के राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के छात्रों को उपरोक्त कंडिका–2 में अंकित कोर्स हेतु 06 सप्ताह का औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

II. उक्त प्रशिक्षण हेतु प्रति छात्र रूपये 8,792/–(आठ हजार सात सौ बानब्बे) मात्र के अनुसार लगभग 500 छात्र हेतु कुल रूपये 43,96,000/– (तैंतालीस लाख छियानवे हजार) मात्र प्रतिवर्ष व्यय होने की संभावना है, जिसपर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

विद्यार्थियों की संख्या, कोर्स अथवा Common Norms द्वारा निर्धारित दर में संशोधन के अनुसार अनुमानित राशि में परिवर्तन हो सकता है।

III. छात्र संस्थान में उपलब्ध कोर्स की सूची में से अपने लिये उपयोगिता के आधार पर कोर्स का चयन कर सकते है अथवा किसी अन्य प्रतिष्ठान में भी औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship कर सकते हैं।

IV. प्रशिक्षण की अवधि छः (06) सप्ताह की होगी, जिसमें छात्रों की उपस्थिति 100% अनिवार्य होगी। छात्रों की उपस्थिति बायोमैट्रिक अटेंडेंस द्वारा बनायी जाएगी। यदि कोई विद्यार्थी प्रशिक्षण की अवधि में स्वास्थ्य कारणों से अनुपस्थित होते है, तो उन्हें चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर तथा संबंधित संस्थान के प्राचार्य की अनुमति से उपस्थिति से छूट दिया जा सकेगा। अन्य विशेष परिस्थिति (जैसे परिवार में मृत्यु आदि) में भी संबंधित संस्थान के प्राचार्य विद्यार्थी को प्रशिक्षण अवधि में उपस्थिति से छूट प्रदान कर सकेंगे। किन्तु Assessment हेतु किसी भी परिस्थिति में छात्रों की न्यूनतम 80% उपस्थिति अनिवार्य होगी। Assessment के दौरान झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के द्वारा नामित प्रतिनिधि (संबंधित विषय के विशेषज्ञ) भी उपस्थित रहेंगे।

V. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम, छात्रों के समग्र विकास हेतु निम्नलिखित पद्धतियाँ अपनाई जाएगी:-

a. ऑन–फील्ड ट्रेनिंग
b. क्लासरूम सेशन्स
c. शॉर्ट प्रोजेक्ट वर्क
d. इंटरनल एसेसमेंट टेस्ट
e. वर्कशॉप एवं सेमिनार
f. प्रस्तुतीकरण और मूल्यांकन

VI. प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात, सभी सफल छात्रों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा एक अधिकृत "प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण–पत्र" प्रदान किया जाएगा जिसमें प्रशिक्षण की अवधि, विषयवस्तु व प्रदर्शन का उल्लेख होगा।

VII. Course के Outcome के आधार पर Assessment में सफल विद्यार्थियों का Certification राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर के द्वारा किया जायेगा। Number of Certified Candidates के लिये ही राशि का भुगतान किया जायेगा। आवासन एवं भोजन हेतु राशि का भुगतान होस्टल के बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर प्रतिदिन निर्धारित दर पर किया जायेगा। होस्टल के लिये बायोमैट्रिक उपस्थिति अलग से दर्ज की जायेगी। प्रशिक्षण तथा होस्टल के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति के संधारण की व्यवस्था NIT, जमशेदपुर द्वारा किया जायेगा।

VIII. योजना का क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण निम्न समिति के द्वारा किया जायेगा–

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | निदेशक पाठ्यक्रम विकास, झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय | – | अध्यक्ष |
| ii. | प्राचार्य, राजकीय महिला पोलिटेकनिक, जमशेदपुर | – | सदस्य |
| iii. | प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, बोकारो | – | सदस्य |
| iv. | प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद | – | सदस्य |
| v. | प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, राँची | – | सदस्य |
| vi. | सहायक निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय | – | सदस्य सचिव |

उक्त समिति इस योजना का Outcome, जो छात्रों के संतोषप्रद Placement के आधार पर होगा तथा योजना की उपयोगिता संबंधी वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को समर्पित करेगी। समिति से प्राप्त अनुशंसा के आधार पर प्रत्येक वर्ष योजना का विस्तार विभागीय मंत्री के अनुमोदन से किया जायेगा।

IX. उपरोक्त कंडिका–2 में अंकित प्रशिक्षण कोर्स Indicative है तथा उक्त समिति की अनुशंसा तथा विभागीय मंत्री के अनुमोदन से कोर्स revise करते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में revised कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

X. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर को भुगतान संबंधी किसी भी कठिनाई को दूर करने हेतु निर्णय लेने के लिए तथा योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु आवश्यक दिशानिदेश जारी करने हेतु उक्त समिति प्राधिकृत होगी।

XI. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर अपने संस्थान में औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship प्रारंभ करने के 60 दिन पूर्व विभागान्तर्गत सभी राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों को इसकी सूचना देंगे तथा इसका व्यापक प्रचार प्रसार राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के छात्रों के बीच करेंगे।

XII. राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के प्राचार्य राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर में कराये जाने वाले औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship का व्यापक प्रचार प्रसार अपने संस्थानों के छात्रों को करेंगे एवं उन्हें उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण/Internship करने हेतु प्रोत्साहित भी करेंगे।

8. उक्त प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु वित्त नियमावली के नियम 235 को शिथिल करते हुए नियम 245 के अधीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर का मनोनयन के आधार पर चयन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

9. योजना की राशि राज्य स्कीम मुख्य बजट शीर्ष 2203–तकनीकी शिक्षा, लघु शीर्ष–003/796–प्रशिक्षण/जनजातीय क्षेत्र उपयोजना, उपशीर्ष–A7–प्रशिक्षण एवं विकास, इंस्टीट्यूट नेटवर्किंग और सहयोग के परामर्शी शुल्क ईकाई में उपबंधित राशि में से विकलनीय होगा। आवश्यक राशि का आवंटन संबंधित पोलिटेकनिक संस्थान को उपलब्ध करा दिया जायेगा। संबंधित पोलिटेकनिक संस्थान के द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर को प्रशिक्षण एवं आवासीय शुल्क का भुगतान किया जायेगा।

10. उपर्युक्त कंडिका–7 में अंकित प्रस्ताव पर योजना प्राधिकृत समिति की दिनांक–08.08.2025 की बैठक में अनुशंसा प्राप्त है **(अनु0–2 संलग्न)**।

11. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर वित्त विभाग द्वारा निम्न शर्तों के साथ सहमति प्रदान की गयी है–

(क) प्रशासी विभाग लागत के संबंध में स्वयं संतुष्ट होना चाहेंगे।

(ख) प्रशासी विभाग योजना के Outcome को निर्धारित करने हेतु सुस्पष्ट एवं Quantifiable Parameters निर्धारित करना चाहेंगे।

12. वित्त विभाग के उक्त शर्तों के आलोक में तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड के पत्रांक–02, दिनांक–02.01.2026 के क्रम में दिनांक–05.01.2026 को संयुक्त निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय की अध्यक्षता में गठित समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही में निम्नरूपेण निर्णय लिया गया **(अनु0–3 संलग्न)**:–

I. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के कौशल विकास स्कीमों के लिए Common Norms के श्रेणी–I में सूचीबद्ध ट्रेडों/सेक्टरों के लिए निर्धारित दर रूपये 49/– प्रति घंटा की दर से 40% कम दर पर प्रशिक्षण दिये जाने का प्रस्ताव दिया गया है।

NIT जमशेदपुर द्वारा Common Norms प्रशिक्षण शुल्क पर प्रदान की गई संस्थागत छूट तथा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए, प्रशिक्षण शुल्क को समिति द्वारा उपयुक्त मानते हुए यथावत रखने पर सहमति प्रदान की गयी है।

NIT जमशेदपुर परिसर के भीतर छात्रों को प्रदान की जा रही safety, security and facilities को ध्यान में रखते हुए, मेस एवं छात्रावास शुल्क को समिति द्वारा उपयुक्त मानते हुए यथावत रखने पर सहमति प्रदान की गयी है।

अतः वित्त विभाग के उपर्युक्त शर्त (क) के आलोक में समिति द्वारा लागत के संबंध में की गई अनुशंसा से विभाग संतुष्ट है।

II. वित्त विभाग के उपर्युक्त शर्त (ख) के आलोक में उक्त समिति द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए Annexure-1 में योजना के Outcome को निर्धारित करने हेतु Quantifiable parameters निर्धारित किया गया है, जो निम्नवत् हैः–

**i.** Course Outcomes – प्रत्येक कोर्स के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा Outcomes का निर्धारण किया गया है। इन Outcomes के Achievement का आकलन झारखण्ड प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय (JUT), राँची द्वारा गठित समिति (जिसमें संबंधित शाखा के विषय विशेषज्ञ भी रहेंगे) के द्वारा निर्धारित मापदण्डों के तहत किया जाएगा।

**ii.** Scheme Outcomes – इसके तहत स्कीम के Outcomes का आकलन कराने के लिए मापदण्ड का निर्धारण किया गया है, जो निम्नवत है–

(a) Percentage of students getting certified after completion of training

$$\frac{No.\,of\ Certified\ students}{No.\,of\ students\ enrolled\ for\ Internship}\ x\ 100$$

**Minimum Benchmark: 75%**

(b) Percentage of certified students securing placements in each batch

$$\frac{No.\,of\ certified\ students\ securing\ placements}{No.\,of\ Certified\ students}\ x\ 100$$

**Minimum Benchmark: 40%**

13. प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक–05.02.2026 में मद संख्या–26 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को झारखण्ड राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

6.3.26

(राहुल कुमार पुरवार)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः–त0शि0प्र0 / विविध–29 / 2024– 229 / राँची, दिनांकः– 06.03.2026

प्रतिलिपि–अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, झारखण्ड को राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

6.3.26

सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः–त0शि0प्र0 / विविध–29 / 2024- 229 /राँची, दिनांकः-06.03.2026
प्रतिलिपि–महालेखाकार, झारखण्ड, राँची / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, डोरण्डा, राँची एवं संबंधित जिला कोषागार / उप कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6.3.26
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः–त0शि0प्र0 / विविध–29 / 2024- 229 /राँची, दिनांकः–06.03.2026
प्रतिलिपि–माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड के अपर मुख्य सचिव / माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव सभी विभाग, झारखण्ड, राँची / विभागीय प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक, तकनीकी शिक्षा / संयुक्त सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, झारखण्ड / निदेशक पाठ्यक्रम विकास, झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची / कुलसचिव, झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची / विभागीय बजट शाखा / प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य, सभी राजकीय पोलिटेकनिक / राजकीय महिला पोलिटेकनिक, संस्थान, झारखण्ड / विभागीय नोडल पदाधिकारी, ई–गजट / निदेशक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर / श्री कुमार चन्दन, MIS पदाधिकारी, RUSA को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6.3.26
सरकार के प्रधान सचिव।

अनु-01 (72)

**निदेशालीय ज्ञापांक–304, दिनांक–25.03.2025 के आलोक में दिनांक–26.03.2025 को संयुक्त निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर द्वारा विभागान्तर्गत तकनीकी शिक्षण संस्थानों के छात्रों के लिए Skill Development प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालन करने संबंधी उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव की समीक्षा हेतु गठित समिति की Online बैठक की कार्यवाही के आलोक में प्रतिवेदन :–**

तकनीकी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक एवं वास्तविक औद्योगिक कार्यों का अनुभव भी देना है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में, उद्योगों को ऐसे युवा अभियंताओं की आवश्यकता है जो कार्यस्थल की चुनौतियों का सामना कर सकें, समस्याओं का समाधान खोज सकें तथा उत्पादन व गुणवत्ता को समझ सकें। डिप्लोमा / इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम में समाहित 6 सप्ताह की औद्योगिक प्रशिक्षण योजना छात्रों को उनके अध्ययन के दौरान ही वास्तविक औद्योगिक वातावरण से परिचित कराने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में Internship की प्रत्येक Even Semester में अनिवार्यता है तथा पाठ्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों को Internship हेतु Academic Credit भी दिये जाने का प्रावधान है।

NIT Jamshedpur में डिप्लोमा के विद्यार्थियों को एक गुणवत्तापूर्ण, संरचित और व्यावसायिक औद्योगिक प्रशिक्षण / Internship कार्यक्रम प्रदान करने के लिए प्रस्तावित है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जमशेदपुर (NIT Jamshedpur) भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्थापित एक प्रमुख तकनीकी शिक्षण संस्थान है इसकी स्थापना वर्ष 1960 में प्रादेशिक अभियंत्रण महाविद्यालय (REC) के रूप में हुई थी, जिसे वर्ष 2002 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) का दर्जा प्राप्त हुआ। यह संस्थान झारखण्ड राज्य के औद्योगिकी शहर जमशेदपुर में स्थित है और इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान तथा प्रबंधन के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा एवं अनुसंधान प्रदान करता है। यहाँ बी0टेक, एम0टेक, एम0बी0ए0, एम0एससी0 एव पीएच0डी0 जैसे पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। NIT Jamshedpur द्वारा डिप्लोमा के छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण / Internship में आधुनिक प्रयोगशालाओं, तकनीकी परियोजनाओं और उद्योग आधारित वातावरण से परिचित करता है, जिससे उनके व्यावसयिक कौशल में वृद्धि होती है एवं अपने पाठ्यक्रम की आवश्यकता को पूरा करने के अवसर प्रदान करती है।

<u>विभिन्न शाखाओं के लिए प्रस्तावित प्रशिक्षण कोर्स</u>

1. **Computer Science and Engineering**
   - Computer Literacy and Proficiency
   - C Programming Language
   - Python Programming
   - Web Technologies
   - Android Development
2. **Mechanical Engineering**
   - Solid Modeling (AutoCAD, SolidWorks)
   - Mechanical Design (FEM, ANSYS)
   - Automation and Robotics

- Vibration and Noise Control
- Automobile Engineering
- Refrigeration and Air Conditioning

**3. Electrical Engineering**

- Electrical Design Drawing and Estimation
- Renewable Energy Integration
- MATLAB/Simulink/Electronics CAD
- Analog/Digital Electronics

**4. Civil Engineering**

- Drafting (Architectural and Structural)
- Estimation and Costing
- Quality Control

**5. Workshop/Production**

- Computer Aided Manufacturing (CAM)
- Welding and Additive Manufacturing
- Foundry and Forming

## प्रशिक्षुओं की संख्या

NIT Jamshedpur में प्रतिवर्ष कुल 500 छात्रों को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव है।

## प्रशिक्षण की अवधि

प्रशिक्षण की अवधि छः (06) सप्ताह की होगी, जिसमें छात्रों की उपस्थिति 75% अनिवार्य होगी। छात्रों की उपस्थिति बायोमेट्रिक अटेंडेंस द्वारा बनायी जाएगी।

## प्रशिक्षण पद्धति

NIT Jamshedpur द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें निम्नलिखित पद्धतियाँ अपनाई जाएँगी:

- ऑन–फील्ड ट्रेनिंग
- क्लासरूम सेशन्स
- शॉर्ट प्रोजेक्ट वर्क
- इंटरनल एसेसमेंट टेस्ट
- वर्कशॉप एवं सेमिनार
- प्रस्तुतीकरण और मूल्यांकन

## शुल्क संरचना

NIT, Jamshedpur द्वारा छात्रों के प्रशिक्षण हेतु व्यय की विवरणी निम्न प्रकार दी गई है।

| Description | Cost (INR) |
|---|---|
| Cost per hour per student | 49/- |

| | |
|---|---|
| Cost for 6 hours per day | 49 x 6 = 294/- |
| Total working days in 6 weeks | 6 x 5 = 30 |
| Total cost for 6 weeks | 294 x 30 = 8820/- |
| The allowed rate for NIT Jamshedpur | 5292/- |
| Mess and hostel fee as per actual | 3500/- Per Student |

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार के कौशल विकास स्कीमों के लिए सामान्य मानदण्ड (Common Norms) के श्रेणी–I में सूचीबद्ध ट्रेड़ो/सेक्टरों के लिए निर्धारित दर रूपये 49/– प्रति घंटा की दर पर की गई है। NIT, Jamshedpur द्वारा उक्त निर्धारित दर से 40% कम दर पर प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव दिया है। प्रशिक्षण के दौराण छात्रों के आवासन एवं भोजन हेतु कुल अनुमानित व्यय लगभग रूपये–3500 प्रति छात्र होगी। पूरे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण शुल्क तथा आवासन एवं भोजन हेतु कुल अनुमानित व्यय 5292+3500 = 8792/- प्रति छात्र होगी, जो अन्य संस्थानों द्वारा प्रस्तावित प्रशिक्षण हेतु दी गई प्रशिक्षण शुल्क से काफी कम है।

**प्रमाण–पत्र**

प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात, सभी सफल छात्रों को NIT, Jamshedpur द्वारा एक अधिकृत "प्रशिक्षण पूर्णता प्रमाण–पत्र" प्रदान किया जाएगा जिसमें प्रशिक्षण की अवधि, विषयवस्तु व प्रदर्शन का उल्लेख होगा।

**अनुशंसा**

उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, NIT, Jamshedpur में राज्य के राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान के छात्रों को 6 सप्ताह की औद्योगिक प्रशिक्षण / Internship प्राप्त करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की अनुशंसा की जाती है।

Rsingh
28.04.2021
(डॉ0 रंजीत कुमार सिंह)
संयुक्त निदेशक,
तकनीकी शिक्षा निदेशालय।

अनु॰-02

86

# झारखण्ड सरकार
## योजना एवं विकास विभाग

### विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित राज्य योजना प्राधिकृत समिति की दिनांक 08.08.2025 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।

| | | |
|---|---|---|
| **विभाग का नाम** | : | **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** |
| 1. विषय एवं प्रस्तावः | : | विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक / राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के छात्रों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण / Internship प्रदान करने के संबंध में। |
| 2. संचिका संख्या | : | त0शि0प्र0 / विविध–29 / 2024 |
| 3. संलेख का ज्ञापांक एवं तिथि | : | 772 दिनांक 03.07.2025 |
| 4. बजट शीर्ष | | मुख्य शीर्ष–2203–तकनीकी शिक्षा, लघु शीर्ष–003 / 796–प्रशिक्षण / जनजातीय क्षेत्र उपयोजना, उप शीर्ष–A7–प्रशिक्षण एवं विकास, इंस्टीट्यूट नेटवर्किंग और सहयोग के परामर्शी शुल्क इकाई |
| (क) मांग सं0 | : | |
| (ख) मुख्य शीर्ष | : | |
| (ग) उप मुख्य शीर्ष | : | |
| (घ) लघु शीर्ष | : | |
| (ड़) उप शीर्ष | : | |
| 5. निधि की उपलब्धता | | |
| (क) कुल बजट उपबंध | : | ₹600.00 लाख |
| (ख) बजट पृष्ठ संख्या | : | 33–34 |
| (ग) प्रस्तावित योजना की राशि | : | ₹43.96 लाख (प्रतिवर्ष) |
| (घ) अवशेष उपबंध | : | |

(83)

6. विभाग का प्रस्ताव : विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक / राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के छात्रों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT), जमशेदपुर के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण / Internship प्रदान करने के संबंध में।

7. समिति द्वारा लिया गया निर्णय : अनुशंसित।

8. शर्त्तें (यदि कोई हो तो) :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 08/08/25 | 8.8.25 | | |
| **(प्रशांत कुमार)** | **(राहुल कुमार पुरवार)** | **(मस्त राम मीना)** | **(अविनाश कुमार)** |
| सचिव | प्रधान सचिव | प्रधान सचिव | विकास आयुक्त |
| वित्त विभाग | उच्च एवं तकनीकी शिक्षा | योजना एवं विकास विभाग | |

**झारखण्ड सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**

ज्ञापांकः– रा०यो०प्रा०-79/2025 रॉची, दिनांक 19.08.2025

प्रतिलिपि सभी सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

19.8.25
**(कृष्ण नन्दन प्रसाद)**
**अपर निदेशक–सह–अपर सचिव**

**Subject: Proceedings of the meeting constituted for evaluation of proposal submitted by NIT Jamshedpur for Skill Development Practical Training of students enrolled in Technical Education Institutions of the State**

**Meeting Agenda:** Regarding suggestions received from Department of Finance, Government of Jharkhand against the proposal submitted by NIT Jamshedpur

**Date / Time / Location:** 05th January 2026, 12:30 PM, Conference Hall, 3rd Floor, Yojna Bhawan, Nepal House, Ranchi

**List of Attendees:** As per attached attendance list

1. A meeting regarding suggestions received from Department of Finance, Government of Jharkhand against the proposal submitted by NIT Jamshedpur for Skill Development Practical Training of students enrolled in Technical Education Institutions of the State was held under the Chairpersonship of Joint Director, Technical Education, Department of Higher & Technical Education on 05th January 2026.
2. At the outset of the meeting, Assistant Director, Technical Education welcomed all the members of the Committee and informed the Department of Finance has made some suggestions for consideration by the Department regarding the proposal submitted by NIT Jamshedpur. The representative from NIT Jamshedpur joined via Online Videoconferencing. The suggestions and recommendations of the Committee are as follows:-
    a. **Suggestion – 1:** The Department must satisfy itself with price reasonability of the fee proposed by NIT Jamshedpur

    **Discussion:** The Committee discussed that the per student internship cost proposed by NIT Jamshedpur (Rs 8792) has two components i.e. Training Cost ( Rs 5292) and Mess and Hostel Fee (Rs 3500). It was further noted that as per Common Norms rates of Ministry of Skill Development & Entrepreneurship, Government of India the training being provided by NIT Jamshedpur falls under the bracket of Rs 49 / hour / student and considering the total period of 6 Weeks, a total of 180 training hours has been proposed by NIT Jamshedpur. The total calculated training cost as per Common Norm Rates is Rs 8,820 per student. NIT Jamshedpur has provided a further institutional waiver of 40% of such calculated training cost and has proposed the total training cost at **Rs 5292 per student**.

    The mess and hostel fee are estimated at Rs 3,500 per person for the entire duration of the training and shall be calculated based on actual usage.

    **Decision:** The following decisions were made against the suggestions made by Department of Finance:-

(i) **Considering the institutional waiver provided by NIT Jamshedpur on the Common Norms Training Rates and the academic repute of an Institute of National Importance, the training fee is appropriate and hence can be retained.**

(ii) **Considering the in-campus safety, security and facilities being offered to the students, the Mess and Hostel fees seems appropriate and hence can be retained**

b. **Suggestion - 2: The Department must formulate clear and quantitative Outcomes of the internship**

**Discussion:** The Committee discussed that there must be quantifiable measures to measure the outcomes of the internship / skill development practical training for students which can be referred while considering the extension of the Scheme and necessary courses corrections. The representative from NIT Jamshedpur further provided the detailed curriculum and course outcomes for training provided under each domain and course. It was further discussed that some parameters related to the overall outcomes of the Scheme and benchmark for such outcomes must be prescribed by this Committee.

**Decision: In view of the above points, the Committee recommend that the course-based outcome and the Scheme Outcome matrix as attached in Annexure – I may be included in the Cabinet Note in view of the suggestions received from Department of Finance, Government of Jharkhand. All the parameters of quantitative outcomes and minimum benchmarks for such outcomes were agreed to by the representative from NIT Jamshedpur as well.**

The meeting ended with vote of thanks to the Chair.

**Encl: As attached**

| | | |
|---|---|---|
| **(Jiwan Das)**<br>Assistant Director<br>Technical Education, DHTE | **Principal**<br>Government Polytechnic<br>Bhaga | **Principal**<br>Government Polytechnic<br>Adityapur |
| **Principal**<br>Government Polytechnic<br>Simdega | **(Sneh Kumar)**<br>Director (Curriculum)<br>Jharkhand University of Technology, Ranchi | **(Dr Ranjeet Kumar Singh)**<br>Joint Director<br>Technical Education, DHTE |

(103) (115)

**Annexure – I**

## Parameters for assessment of Internship Outcomes

**The internship shall be evaluated based on two below mentioned outcomes:-**

### 1. Course Outcomes

The outcomes of each course has been provided by NIT Jamshedpur. The achievement of such outcomes shall be assessed by a Committee constituted by Jharkhand University of Technology consisting of :-

(a) Representative from Jharkhand University of Technology

(b) One Teacher of the concerned domain from State Polytechnic or Engineering College nominated by Jharkhand University of Technology

(c) Representatives from NIT Jamshedpur

The achievement of such outcomes shall be assessed by the above-mentioned Committee under the following criteria:-

(a) Group Project Undertaken by students – 30 Marks

(b) Practical Test conducted by NIT Jamshedpur – 30 Marks

(c) Viva-Voice / Presentation – 30 Marks

(d) Project Report – 10 Marks

**Further, the students must secure at least 60 out of 100 marks to be declared successful under the training program and eligible for Certification by NIT Jamshedpur.**

### 2. Scheme Outcomes

**The outcomes of the entire Scheme shall be assessed through the below mentioned parameters:-**

(a) % of students getting certified after completion of training

$$\frac{No.\,of\ Certified\ students}{No.\,of\ students\ enrolled\ for\ Internship}\ x\,100$$

**Minimum Benchmark: 75%**

(b) Percentage of certified students securing placements in each batch

$$\frac{No.\,of\ certified\ students\ securing\ placements}{No.\,of\ Certified\ students}\ x\,100$$

**Minimum Benchmark: 40%**

*It may be further noted that the placement batch shall be the final year Diploma / Degree batch of the institution.*

3. All the above-mentioned performance outcome parameters shall be calculated separately for each domain of engineering i.e. Mechanical, Electrical, etc. The training must achieve the benchmark in all the above-mentioned parameters to be considered as a successful training.

4. This outcome parameter benchmark shall be utilised by the High-Level Committee under the Scheme only to recommend a change in the training curriculum every year and decide on the further engagement with NIT, Jamshedpur.

5. The High-Level Committee shall also have the powers to revise the outcome parameters and the corresponding minimum benchmarks as per requirements on a yearly basis.

Md Sajid